Seventeenth Loksabha

an>

Title : To build 100 bed ESI hospital in Chittorgarh

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): माननीय अध्यक्ष जी, आपका बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया। माननीय मोदी जी की सरकार बनने के बाद चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र को अनेक सौगातें मिली हैं जो पिछले 60 वर्षों में नहीं मिल पाई। चित्तौड़गढ़ में माननीय मोदी जी ने सरकार बनने के बाद एक अस्पताल दिया, जैसे उदयपुर में 100 बैड का दिया है।

मेरी सरकार से मांग है कि चित्तौड़गढ़ में 100 बैड का ईएसआई अस्पताल बने ताकि उस क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके। यहां बहुत बड़ी इंडस्ट्री है। यहां बड़ी मात्रा में उद्योग-धंधे हैं, कर्मचारी हैं। ऐसे में चित्तौड़गढ़ में 100 बैड का अस्पताल बनना चाहिए। प्रतापगढ़ में सरकार ने कर्मचारियों के लिए ऑफिस तो खोल दिया है। मेरी एक और मांग सरकार से है कि वहां छ: बैड की डिस्पेंसरी खुल जाए ताकि केंद्रीय कर्मचारियों को लाभ मिल सके। रावतभाटा में आरएपीपी का बहुत बड़ा न्यूक्लियर पावर प्लांट है। अगर वहां भी एक अस्पताल लेबर विभाग का बन जाएगा तो निश्चित रूप से हजारों लाखों सैनिक भाइयों को लाभ मिलेगा।

माननीय अध्यक्ष: प्लीज़, आप बैठ जाएं।

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले : माननीय अध्यक्ष जी, हम वॉक आउट करते हैं।

12.49 hrs

At this stage, Shrimati Supriya Sadanand Sule, Shri Vinayak Bhaurao Raut and some other hon. Members left the House.